भारत सरकार

गृह मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1155

दिनांक 13.08.2013/ 22 श्रावण, 1935 (शक) को उत्तर के लिए

आधिकारिक वेबसाइटें

1155. श्री देवजी एम. पटेलः
श्री कामेश्वर बैठाः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सही है कि विभिन्न मंत्रालयों की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारी केवल अंग्रेजी भाषा में ही अद्यतन की जाती है, हिंदी भाषा में नहीं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं;

(ग) क्या इस बारे में मंत्रालय के कोई मार्गनिर्देश हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस बारे में क्या सुधारोपाय किये गए हैं?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर. पी. एन. सिंह)

(क) एवं (ख) : **उपलब्ध जानकारी के अनुसार 38 मंत्रालयों/विभागों की वैबसाइट पूरी तरह से हिंदी में अद्यतित नहीं है ।**

(ग) **एवं (घ): जी हां, राजभाषा विभाग द्वारा संघ के राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए जारी वार्षिक कार्यक्रम में अन्य लक्ष्यों के साथ-साथ सभी मंत्रालयों/विभागों की वैबसाइट को शत-प्रतिशत द्विभाषी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । समय-समय पर यह अनुरोध भी किया गया है कि मंत्रालय/विभाग अपने तथा उनके अधीनस्थ/संबद्ध कार्यालयों तथा नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा अपलोड की गई अंग्रेजी वैबसाइट के संबंध में यह सुनिश्चित कराएं कि वैबसाइट पर उपलब्ध सभी सामग्री /दस्तावेज उनकी हिंदी वैबसाइट पर भी उपलब्ध हों । अद्यतन निर्देश दिनांक 17 फरवरी, 2012 को जारी किए गए हैं । मंत्रालयों/ विभागों से प्राप्त तिमाही प्रगति रिपोर्ट द्वारा भी इस पर निगरानी रखी जाती है ।**

*****